# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग उमरिया (म.प्र.)

E-mail : wrdumaria@gmail.com


## संक्षिप्त टीप

## भडारी जलाशय योजना के बांध कार्य स्थल चयन की सार्थकता (Justification) के संबंध में संक्षिप्त टीप

भडारी जलाशय योजना तहसील मानपुर, जिला उमरिया हेतु जिस बांध स्थल (Dam Site) का चयन किया गया है वह एक मात्र विकल्प है। इस बांध स्थल के Longitude $81^0$ 5' 48" तथा Lattitude $23^0$ 46' 38" है। इस बांध स्थल के नीचे कोई कार्य स्थल का विकल्प नही है। क्योंकि इसके नीचे (Down stream) में नाले के उंचे किनारे (Bank) उपलब्ध नही है तथा चयनित बांध स्थल के ऊपर (Up stream) में 150 मी. व 275 मी. पर बांध स्थल के विकल्प पर भी विचार किया गया किन्तु बांध स्थल (Up stream) में ले जाने पर बांध में पानी की क्षमता प्राप्त करने हेतु बांध की ऊचाई बढ जाती है। जिससे डूब क्षेत्र में प्रभावित वन क्षेत्र क्रमशः 14.112 हे. तथा 17.121 हे. आता है।

अतः चयनित बांध स्थल के अलावा अन्य कोई विकल्प नही है तथा इसमे प्रभवित वन भूमि 12.975 हे. तथा राजस्व वन भूमि 0.80 हे. कुल रकबा 13.775 हे. है जो कि न्यूनतम है इसकी गणना की जा चुकी है।

(ए०के०जैन)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग उमरिया
जिला उमरिया (म०प्र०)